दैनिक भास्कर अजमेर 30-11-2022

भास्कर अपडेट

सतगुरु इंटरनेशनल स्कूल ने जीते पदक

अजमेर | नवंबर माह में जिला स्तर पर आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में सतगुरु इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों ने भाग लेकर कई पदक प्राप्त किए। रुद्र प्रताप सिंह ओपन राष्ट्रीय निशानेबाजी प्रतियोगिता (भोपाल) भारतीय टीम ट्रायल के लिए क्वालीफाई हुए। जिला स्तरीय शूटिंग प्रतियोगिता में कृष्णा ने प्रथम व रूद्र प्रताप ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। जिला स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता में विशेष ने प्रथम स्थान, तृतीय श्रेणी में सात्विक ने तृतीय स्थान, पिया ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। जिला स्तरीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता में स्कूल टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। टीम के सदस्य-सारांश, यक्षित, अभय, ईशित्व, सुभ्रांशु रहे। प्रधानाचार्य जीके मिश्रा का योगदान सराहा गया।

जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में सतगुरु स्कूल का उम्दा प्रदर्शन

अजमेर। जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में सतगुरु इंटरनेशल स्कूल के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन के बूते कुछ ही महीनों में खेलों में उम्दा प्रदर्शन कर स्कूल का नाम रोशन किया।

राष्ट्रीय ओपन निशानेबाजी में रुद्र प्रताप सिंह ने भारतीय टीम की ट्रायल के लिए क्वालिफाई किया है। जिला स्तरीय शूटिंग प्रतियोगिता में कृष्णा व रूद्र प्रताप ने अपने अचूक निशाने से क्रमशः पहला व तीसरा स्थान हासिल किया। शतरंज में विशेष ने पहला, पिया ने दूसरा व सात्विक ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

टेबल टेनिस में सारांश, यक्षित, अभय, ईशित्व व सुभ्रांशु ने टीम को दूसरा स्थान दिलाया। स्कूल के प्रधानाचार्य जीके मिश्रा ने सभी विजेता विद्यार्थियों को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी।